Bharat Temples

राधा बोली सुनो श्याम मैं , बंशी बजाऊँ आज

राधा बोली सुनो श्याम मैं,
बंशी बजाऊँ आज
बंशी की धुन पे कान्हाँ,
तुम्हे मैं नचाऊँ आज,

साँवरिया तुम बंशी
रोज बजाते हो
बजाके बंशी मुझको
रोज नचाते हो

इस रिवाज को
चलो श्याम मैं ,
नया बनाऊँ आज...
हाँ कान्हाँ नया बनाऊँ

आज चलो श्याम हम नई
रास में रंग जायें
सारी दुनियाँ देख
अचम्भित रह जाये

मन करता है अलबेला ,
इतिहास रचाऊँ आज...
मैं इतिहास रचाऊँ आज
इतना कह कर राधा

बंशी बजा उठी
कहे " रवि " वो
साँवरिया को नचा उठी
बंशी बोली राधा तुमपे,

वारी जाऊँ आज...
हे राधे वारी जाऊँ आज

Source:
https://www.bharattemples.com/radha-boli-suno-shyam-main-bansi-bajau-aaj-bansi-ki-dhun-pe-kanha-tumhe-main-nachau-aaj/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw